Ph. 05949 - 282140

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website- www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com

Event: Seminar- Women Harassment Awareness

Organized by- Women Development Cell/ Women Harassment Grievance Redressal Cell

Date- 03-05-2024

Seminar Women Harassment Awareness Event Women Harassment Grievance Redressal Cell 3 May 2024 A seminar on women harassment awareness was organized under the aegis of Women Development and Women Harassment Grievance Redressal Cell of Government Post Graduate College. Dr. Rita Sachan, Principal-in-Charge, who was presiding over this seminar organized at the end of the session, encouraged the students to come forward with their own problems.

While conducting the programme, the convener of the women's cell, Dr Manuhar Arya, informed about the facilities provided to the girl students studying in the college to provide them a safe environment on campus. She also informed about the confidentiality of the complaint box available in all the three faculties and made them aware about the prompt action to be taken by the cell in case of any kind of problem or harassment.

Cell member Dr. Darshan Pant informed the students about the proper use of the girls' common room available in the college. Student Union Vice President Miss Aarti also requested the girls to present their problems without hesitation to the professors of the women's cell.

कालेज परिसर में छात्राओं के लिए सुरक्षित माहौल पर रखे विचार

दैनिक जागरण 4.5.

बाजपुर के पीजी कालेज में शुक्रवार को महिला विकास एवं महिला उत्पीड़न शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित गोष्ठी को संबोधित करतीं वक्ता • जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण• बाजपुर : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की महिला विकास एवं महिला उत्पीड़न शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित महिला जागरूकता गोष्ठी में प्रभारी प्राचार्य डा. रीता सचान ने छात्राओं को स्वयं अपनी समस्याएं लेकर आगे आने को प्रोत्साहित किया। संचालन कर रही महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डा. मनुहार आर्य ने परिसर में सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए उपलब्ध सुविधाओं के विषय बताया। प्रकोष्ठ की सदस्य डा. दर्श[ना] पंत ने उपलब्ध गर्ल्स कामन रूम [के] उचित प्रयोग के विषय में जानका[री] दी। छात्रसंघ की छात्रा उपाध्य[क्ष] आरती ने विचार रखे। बैठक में नेह[ा], अमनप्रीत, नूरी आदि छात्राओं द्वारा अपने विचार रखे गए। कार्यक्रम [में] प्रकोष्ठ की सदस्य डा. जया कांडपा[ल], डा. संध्या चौरसिया, डा. संगीता, [डा.] पूजा, डा. वंदना, डा. प्राची, [डा.] मेहराज बानो आदि छात्राएं मौजूद रह[ीं]।

हल्द्वानी
शनिवार
4 मई 2024

हिंदुस्तान 4.5.24

'छात्राएं महिला प्रकोष्ठ को बताएं अपनी समस्याएं'

बाजपुर, संवाददाता। राजकीय महाविद्यालय की महिला विकास एवं महिला उत्पीड़न शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के तत्वाधान में शुक्रवार को महिला जागरूकता संबंधी एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. रीता सचान ने की। डॉ. सचान ने छात्राओं को स्वयं अपनी समस्याएं लेकर आगे आने के लिए प्रोत्साहित कर महाविद्यालय परिसर में नियमित रूप से उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया।

संचालन करते हुए महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. मनुहार आर्य ने महाविद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को परिसर में सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रदान की गई सुविधाओं के विषय में बताया। महाविद्यालय की तीनों संकायों में उपलब्ध शिकायत पेटी की गोपनीयता के संबंध में बताया तथा किसी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न होने पर प्रकोष्ठ द्वारा त्वरित कार्रवाई का पालन करने के विषय में जागरूक किया। प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. दर्शना पंत ने छात्राओं को महाविद्यालय में उपलब्ध गर्ल्स कॉमन रूम के उचित प्रयोग के विषय में जानकारी दी। छात्र संघ उपाध्यक्ष आरती ने भी छात्राओं को अपनी शिकायतें और समस्याएं निसंकोच महिला प्रकोष्ठ की प्राध्यापिकाओं के सामने प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया गया। नेहा, अमनप्रीत, नूरी आदि छात्राओं द्वारा भी अपने विचार रखे गए। प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. जया कांडपाल, डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. संगीता, डॉ. पूजा, डॉ. वंदना, डॉ. प्राची, डॉ. मेहराज बानो रहीं।